Email : ideacitinews@gmail.com

एक नये कल के लिए एक नई आवाज

www.ideacitinews.com

# आइडियासिटी

वर्ष : 05, अंक : 320

गुरुवार, 26 नवंबर, 2026




## बदहाल : रंग-रोगन वाले प्याऊ के पास कूड़े का अंबार, पानी पीने के लिए भी जगह नहीं

## दीवारों पर जल संरक्षण और स्वच्छता के चमचमाते संदेश, लेकिन नीचे गंदगी का साम्राज्य

## चार-पांच नलकूपों में महज एक पर नल, नगर निगम की व्यवस्था पर उठे सवाल

आइडियासिटी संवाददाता

**बिहारशरीफ :** दीवारों पर लिखा है- 'पानी अनमोल है, पानी बचाएं', 'स्टॉप प्लास्टिक पॉल्यूशन'... रंग-रोगन भी ऐसा कि दूर से देखने पर प्याऊ किसी आदर्श जनसुविधा केंद्र जैसा नजर आए। लेकिन जैसे ही नजर दीवारों से नीचे उतरती है, पूरी तस्वीर बदल जाती है। आसपास कूड़े का अंबार, दुर्गंध और खड़े होने तक की जगह नहीं! यह नजारा किसी गांव की बदहाल व्यवस्था का नहीं, बल्कि बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 20 स्थित बड़ी पहाड़ी हाई स्कूल के समीप बने प्याऊ का है। कहावत है- 'ऊपर से फिटफाट, नीचे से...'। नगर निगम की यह प्याऊ व्यवस्था इस कहावत को पूरी तरह चरितार्थ कर रही है।




### प्यास बुझाने के लिए बने प्याऊ के पास कचरे का पहाड़

स्थानीय लोगों, राहगीरों और दुकानदारों की सुविधा के लिए इस प्याऊ का निर्माण कराया गया था। मकसद था कि सड़क से गुजरने वाले लोग और आसपास के दुकानदार आसानी से पानी पी सकें। लेकिन विडंबना देखिए कि जिस जगह का उद्देश्य लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है, उसी के आसपास कचरे की डंपिंग हो रही है। कूड़े से उठने वाली सड़ांध और दुर्गंध के कारण राहगीरों को नाक-मुंह बंद कर वहां से गुजरना पड़ता है। ऐसे में सवाल लाजिमी है कि जब प्याऊ के आसपास खड़ा होना ही मुश्किल है, तो लोग वहां पानी पीने कैसे पहुंचें?




### दीवारें चमकाई, लेकिन जमीन की गंदगी नहीं दिखी !

हैरानी की बात यह है कि नगर निगम की ओर से हाल ही में प्याऊ की दीवारों का रंग-रोगन कराया गया है। उन पर जल संरक्षण और पर्यावरण को लेकर आकर्षक स्लोगन भी लिखवाए गए हैं। संदेशों के जरिए लोगों को पानी बचाने और प्लास्टिक प्रदूषण रोकने की सीख दी जा रही है। लेकिन प्याऊ के आसपास फैली गंदगी इन संदेशों की चमक फीकी कर रही है। दीवारों पर स्वच्छता का पाठ पढ़ाया जा रहा है और ठीक नीचे कूड़े का अंबार लगा है। यह स्थिति नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था और जमीनी निगरानी पर सवाल खड़े करती है।

### चार-पांच नलकूप, लेकिन महज एक में नल !

### स्लोगन से नहीं, व्यवस्था सुधारने से बदलेगी तस्वीर

अब सवाल यह है कि क्या दीवारों पर रंग-रोगन कराकर स्वच्छता और जल संरक्षण के संदेश लिखवा देना ही नगर निगम की जिम्मेदारी है? क्या जनसुविधा केंद्र के आसपास सफाई, उपयोगी नल और लोगों के खड़े होने की जगह उपलब्ध कराना जरूरी नहीं है? जरूरत है कि प्याऊ के आसपास जमा कचरे को तत्काल हटाया जाए, नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था हो, जमीन को समतल कराया जाए और सभी नलकूपों में नल लगाए जाएं। तभी यह प्याऊ वास्तव में लोगों के काम आ सकेगा। फिलहाल बड़ी पहाड़ी का यह प्याऊ नगर निगम की कार्यशैली पर एक सीधा सवाल खड़ा कर रहा है- दीवारों पर स्वच्छता का संदेश लिखने से शहर साफ नहीं होता, उसके लिए जमीन पर सफाई भी दिखनी चाहिए। वरना रंगी हुई दीवारें चमकती रहेंगी और उनके नीचे गंदगी नगर निगम के दावों का मजाक उड़ाती रहेगी।

प्याऊ की बदहाली सिर्फ गंदगी तक सीमित नहीं है। यहां चार से पांच नलकूप लगे हुए हैं, लेकिन उनमें से महज एक में ही नल लगा हुआ है। बाकी नलकूपों का उपयोग कैसे हो रहा है, यह भी समझ से परे है। इसके अलावा पानी पीने आने वाले लोगों के खड़े होने के लिए समतल जमीन तक उपलब्ध नहीं है। यानी एक तरफ कूड़े और दुर्गंध की समस्या, दूसरी तरफ अधूरी पेयजल व्यवस्था। ऐसे में प्याऊ का मूल उद्देश्य ही अधूरा नजर आता है।



# पटना के ओम विहार रेस्टोरेंट पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, तीन दिन के लिए बंद

## 30 किलो चना दाल जब्त, हल्दी, पनीर और दाल के नमूने जांच को भेजे : कई तैयार खाद्य पदार्थ नष्ट कराए गए

आइडियासिटी संवाददाता



पटना। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता से समझौता करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की खाद्य संरक्षा इकाई ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में बुधवार को कदमकुआं स्थित ओम विहार रेस्टोरेंट में छापेमारी की गई। जांच के दौरान साफ-सफाई में गंभीर अनियमितता और जरूरी दस्तावेजों की कमी मिलने पर रेस्टोरेंट को तीन दिनों के लिए बंद करा दिया गया। साथ ही उसका एफएसएसएआई लाइसेंस निलंबित कर सुधार नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और पानी की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं मिली। कीट नियंत्रण की व्यवस्था भी नहीं पाई गई। अधिकारियों ने 2,850 रुपये मूल्य की 30 किलोग्राम चना दाल जब्त की, जिस पर बैच नंबर, निर्माण तिथि और उपयोग की अंतिम तिथि दर्ज नहीं थी। हल्दी पाउडर, पनीर और चना दाल के नमूने जांच के लिए लिए गए। इसके अलावा गुड़ वाली चाय के सात पैकेट, मटन की एक किलो कलेजी, स्लाइस ब्रेड, दो किलो तैयार मिक्स वेज, तीन किलो पकी मूंग दाल और दो किलो क्लासिक चाउ नष्ट कराए गए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ आगे भी नियमित जांच और कार्रवाई जारी रहेगी।

# बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था में AI की एंट्री, अब एम्बुलेंस से अस्पताल तक स्मार्ट होगी इलाज की व्यवस्था

## 2 से 4 स्मार्ट एम्बुलेंस के साथ शुरू होगा पायलट प्रोजेक्ट, मोबाइल पर मिलेगी अस्पतालों में खाली बेड और IC की जानकारी







आइडियासिटी संवाददाता

पटना। बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की तैयारी तेज हो गई है। अब दवाओं की उपलब्धता, एक्स-रे और MRI जांच, डॉक्टरों की मौजूदगी से लेकर एम्बुलेंस और अस्पतालों में बेड प्रबंधन तक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की मदद ली जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने स्पष्ट किया कि सरकार का लक्ष्य केवल अस्पतालों का निर्माण करना नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब मरीजों तक भी शहरी स्तर की स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। पटना के होटल ताज सिटी सेंटर में गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित 'AI for a Healthier Bihar' कार्यशाला में मंत्री ने यह बात कही। कार्यशाला में 25 इनोवेटर्स ने AI आधारित समाधान प्रस्तुत किए। प्रस्तावित स्मार्ट एम्बुलेंस में डिजिटल ECG, GPS, ऑक्सीजन और ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग की सुविधा होगी। शुरुआती चरण में 2-4 एम्बुलेंस से पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने की तैयारी है। अस्पतालों में खाली बेड, ICU और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता भी ऑनलाइन देखी जा सकेगी। AI से एक्स-रे, CT स्कैन और MRI रिपोर्ट के विश्लेषण तथा टीबी-कैंसर की शुरुआती पहचान में मदद लेने की योजना है। टेलीमेडिसिन के माध्यम से ग्रामीण मरीज विशेषज्ञों से जुड़ सकेंगे। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान और संक्रामक बीमारियों के पूर्वानुमान में भी तकनीक का इस्तेमाल होगा।

# सोनपुर मेला घूमने के लिए 900 रुपये से शुरू टूर पैकेज, AC बस से लग्जरी कार तक की सुविधा

## पर्यटन निगम ने तैयार किए विशेष पैकेज, कपल टूर में होटल, भोजन और गाइड भी शामिल

### पटना से रोजाना दोपहर 12 से शाम 7 बजे तक मिलेगी सुविधा

आइडियासिटी संवाददाता




पटना। विश्वप्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले का आनंद लेने के लिए अब पर्यटकों को आने-जाने और ठहरने की अलग-अलग व्यवस्था नहीं करनी पड़ेगी। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम ने पर्यटकों के लिए विशेष टूर पैकेज शुरू किए हैं। पटना से सोनपुर आने-जाने का पैकेज महज 900 रुपये प्रति व्यक्ति से शुरू हो रहा है। वहीं, दो लोगों के लिए 6,000 रुपये का विशेष कपल पैकेज भी तैयार किया गया है। पर्यटन निगम के अनुसार, वीरचंद पटेल पथ स्थित कौटिल्य विहार होटल और दारोगा राय पथ स्थित सिख हेरिटेज गुरु नानक भवन से प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक वाहनों की सुविधा मिलेगी। वाहनों के अनुसार किराया भी निर्धारित किया गया है। एसी बस, डबल डेकर बस और विंगर का किराया 900 रुपये, एसी ट्रैवलर का 950 रुपये, इनोवा का 1,100 रुपये और इटियोस का 1,300 रुपये प्रति व्यक्ति है। कपल पैकेज में इटियोस एसी कार, होटल में ठहरने, टूरिस्ट गाइड, ब्रेकफास्ट, लंच, शाम का नाश्ता और डिनर शामिल है। बुकिंग की जानकारी पर्यटन निगम की वेबसाइट या मोबाइल नंबर 8544418314 से प्राप्त की जा सकती है।

# बिहार के सभी स्कूलों में बच्चों का आधार बायोमेट्रिक अपडेट अनिवार्य, 31 मार्च 2027 तक पूरी करनी होगी प्रक्रिया

## शिक्षा विभाग ने सभी डीईओ को भेजा निर्देश, यूडायस प्लस के आंकड़ों से चिह्नित होंगे विद्यार्थी

आइडियासिटी संवाददाता




पटना। बिहार के सरकारी और निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले जिन विद्यार्थियों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) अब तक लंबित है, उन्हें 31 मार्च 2027 तक अपडेट कराना होगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सीके अनिल ने बुधवार को सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र भेजकर इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है।

विभाग के अनुसार, आधार अपडेट नहीं होने से विद्यार्थियों को आधार आधारित प्रमाणीकरण, सरकारी योजनाओं और विभिन्न शैक्षणिक सेवाओं का लाभ लेने में परेशानी हो सकती है। इसलिए विद्यालयों को यूडायस प्लस पोर्टल के आंकड़ों के आधार पर ऐसे बच्चों की पहचान करनी होगी। स्कूलों को संबंधित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सूचना देकर नजदीकी अधिकृत आधार केंद्र पर अपडेट कराने के लिए प्रेरित करना होगा। विद्यालयवार लंबित मामलों का रिकॉर्ड तैयार कर नियमित निगरानी भी की जाएगी। जहां विशेष कैंप की जरूरत होगी, वहां ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से आधार अपडेट शिविर आयोजित कराया जा सकेगा। तकनीकी परेशानी होने पर यूआईडीएआई के पटना स्थित राज्य कार्यालय से सहायता लेने का निर्देश दिया गया है।

विभाग का लक्ष्य निर्धारित समयसीमा तक सभी पात्र विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक अपडेट पूरा कराना है।

# बिहार में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का बढ़ा दबदबा, 59 बड़े उद्योगों में 24 इसी क्षेत्र के धान, मक्का, दूध और मखाना की पैदावार बनी निवेश की ताकत

## पीरपैंती में अडानी पावर का 28,225 करोड़ का निवेश सबसे बड़ा प्रस्ताव

आइडियासिटी संवाददाता




पटना। बिहार अब उद्योगों के लिए केवल संभावनाओं वाला राज्य नहीं, बल्कि निवेश की जमीन पर तेजी से आगे बढ़ता प्रदेश बन रहा है। राज्य में स्थापित या अंतिम चरण तक पहुंचे 59 बड़े उद्योगों में सबसे अधिक 24 खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े हैं। उद्योग विभाग और बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) के आंकड़ों के अनुसार, बियाडा की जमीन पर 40 और इसके बाहर 19 बड़े उद्योग स्थापित हुए हैं। खाद्य प्रसंस्करण में निवेश की सबसे बड़ी वजह राज्य में धान, मक्का, गन्ना, दूध और मखाना का उत्पादन है। इसके अलावा सामान्य विनिर्माण के 11, इथेनॉल के पांच, प्लास्टिक के पांच, जैव ईंधन के चार तथा आईटी-ईएसडीएम के तीन उद्योग भी स्थापित हुए हैं या अंतिम चरण में हैं। पटना और आसपास आठ बड़े उद्योग लगे हैं। गोपालगंज, समस्तीपुर, मुंगेर और खगड़िया में भी खाद्य एवं डेयरी क्षेत्र की इकाइयां विकसित हो रही हैं। बड़े निवेश में भागलपुर के पीरपैंती में अडानी पावर का 28,225 करोड़ रुपये का प्रस्ताव प्रमुख है। गोपालगंज में मगध शुगर और वेस्टवेल बायोरिफाइनरीज में भी बड़े निवेश प्रस्ताव हैं। सरकार को उम्मीद है कि इन परियोजनाओं से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।



# जनजातीय समाज की संस्कृति और विकास यात्रा अब किताबों में, 'अरण्य' और 'रास्का' का विमोचन



आइडियासिटी संवाददाता

**बांका।** जनजातीय समाज की सांस्कृतिक पहचान, परंपराओं और विकास यात्रा को संरक्षित करने की दिशा में बांका में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। बुधवार को राज्य स्तरीय जनजातीय महोत्सव-2026 में 'अरण्य' और 'रास्का' नामक दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में लोकनृत्य, पारंपरिक खानपान और हस्तशिल्प की आकर्षक झलक देखने को मिली। 'अरण्य' पुस्तक में बांका जिले में जनजातीय कल्याण योजनाओं, आवासीय विद्यालयों, छात्रावासों, विशेष शिविरों और विभागीय उपलब्धियों की जानकारी संकलित है। वहीं, संथाली भाषा के शब्द 'रास्का' का अर्थ खुशी है। यह पुस्तक बिहार के विशेष संदर्भ में संथाल समाज की संस्कृति, जीवनशैली और परंपराओं को सामने लाती है। महोत्सव में संथाल नृत्य सहित विभिन्न लोक प्रस्तुतियां हुईं। लखीसराय से आए 22 कलाकारों ने भी प्रस्तुति दी। जीविका, कृषि, स्वास्थ्य और कल्याण विभाग के स्टॉल लगाए गए।

मडुआ की इडली, मशरूम का पीठा और पारंपरिक जनजातीय व्यंजन आकर्षण रहे। डीएम अंशुल अग्रवाल, कटोरिया विधायक पूरण लाल टुडू और बेलहर विधायक मनोज यादव सहित अन्य अतिथियों ने जनजातीय समाज की शिक्षा, आजीविका और सांस्कृतिक संरक्षण पर जोर दिया।

# नदियों में गाद और बालू के टीले बढ़ा रहे कटाव का खतरा, ड्रेजिंग से सुधरेगा जलप्रवाह

## उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने विशेषज्ञ एजेंसियों के साथ की बैठक

आइडियासिटी संवाददाता

**पटना।** बिहार की नदियों में लगातार जमा हो रही गाद और बालू के टीलों से जलप्रवाह प्रभावित हो रहा है। इससे तटबंधों और नदी किनारे संवेदनशील इलाकों में कटाव का खतरा बढ़ रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए जल संसाधन विभाग अब वैज्ञानिक तरीके से ड्रेजिंग और सिल्ट रिमूवल कराने की तैयारी कर रहा है। बुधवार को सिंचाई भवन में उप मुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में विशेषज्ञ एजेंसियों के साथ बैठक हुई। उन्होंने कहा कि गाद कहीं समस्या है तो कहीं उपयोगी संसाधन भी है। इसलिए नदी से कितनी और कहां से गाद हटाई जाए, इसका




फैसला तकनीकी अध्ययन के आधार पर किया जाएगा। विभागीय सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि आगामी बाढ़ प्रबंधन कार्ययोजना में ड्रेजिंग और सिल्ट हटाने को शामिल किया जाएगा। इसके लिए सर्वेक्षण कर संवेदनशील स्थलों की पहचान होगी। निकाली गई गाद के सुरक्षित परिवहन और वैज्ञानिक निस्तारण की व्यवस्था भी की जाएगी। इसके लिए बार्ज और आधुनिक मशीनों के इस्तेमाल पर विचार हुआ। बैठक में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के निदेशक अरविंद कुमार तथा 12 ड्रेजर एवं बार्ज निर्माता कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

# KCC देने में आनाकानी करने वाले बैंकों की तय होगी जवाबदेही, छोटे किसानों को प्राथमिकता देने का निर्देश

## फसल ऋण वितरण के लक्ष्य के विरुद्ध महज 8.8 प्रतिशत उपलब्धि पर कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा नाराज

आइडियासिटी संवाददाता



**पटना।** बिहार के पात्र किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) और फसल ऋण उपलब्ध कराने में लापरवाही बरतने वाले बैंकों के खिलाफ अब कार्रवाई की तैयारी है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि किसानों को ऋण देने में असहयोगात्मक रवैया अपनाने वाली बैंक शाखाओं को चिह्नित कर जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने विशेष रूप से लघु एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। मंत्री ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड से किसान बीज, खाद, कीटनाशक, मजदूरी और सिंचाई जैसे कृषि कार्यों के लिए समय पर आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके बावजूद चालू तिमाही में फसल ऋण वितरण के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले केवल 8.8 प्रतिशत उपलब्धि चिंताजनक है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में चष्टष्ट के तहत 50.25 लाख खातों का लक्ष्य निर्धारित है।

अब तक 7.38 लाख नए एवं नवीनीकृत कार्ड स्वीकृत किए गए हैं, जिनके माध्यम से 8,344.70 करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया है। इनमें 7.12 लाख पुराने खातों के नवीनीकरण से 8,073 करोड़ रुपये वितरित हुए हैं।

मंत्री ने कहा कि किसानों की आर्थिक मजबूती के बिना कृषि व्यवस्था मजबूत नहीं हो सकती।

# स्नातक पास बेटियों को मिलेंगे 50 हजार रुपये, कन्या उत्थान योजना से अब तक 5.78 लाख छात्राएं लाभान्वित

## उच्च शिक्षा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की पहल, अब तक 2,894.20 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित

आइडियासिटी संवाददाता

**पटना।** बिहार की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना हजारों छात्राओं के लिए मददगार साबित हो रही है। योजना के तहत मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों से स्नातक उत्तीर्ण करने वाली पात्र छात्राओं को 50 हजार रुपये की एकमुश्त प्रोत्साहन राशि दी जाती है। शिक्षा विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, अब तक राज्य की 5,78,840 छात्राएं इस योजना का लाभ उठा चुकी हैं। इनके बीच कुल 2,894.20 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है। इस आर्थिक सहायता से छात्राओं को आगे की पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और अन्य शैक्षणिक जरूरतें पूरी करने में मदद मिलती है। खासकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के लिए यह राशि उच्च शिक्षा जारी रखने में महत्वपूर्ण सहारा बन सकती है। योजना का उद्देश्य केवल स्नातक तक शिक्षा को प्रोत्साहित करना नहीं, बल्कि




बालिकाओं में आत्मविश्वास और आर्थिक स्वतंत्रता की भावना विकसित करना भी है। राज्य सरकार इसे महिला सशक्तीकरण और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण पहल मान रही है।

# गंगा में नहीं जाएगा अशोधित सीवरेज पानी, दीघा STP के बाद 250 MLD का नया प्लांट लगाने की तैयारी

## 100 MLD प्लांट के शोधित पानी की गुणवत्ता सभी निर्धारित मानकों के अनुरूप



आइडियासिटी संवाददाता

**पटना।** गंगा नदी को प्रदूषणमुक्त रखने और राजधानी के सीवरेज जल का वैज्ञानिक तरीके से शोधन सुनिश्चित करने की दिशा में एक और बड़ी तैयारी की जा रही है। दीघा स्थित 100 एमएलडी क्षमता वाले सीवरेज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शोधित पानी की गुणवत्ता को निर्धारित मानकों के अनुरूप पाया। इसके साथ ही शहर में 250 एमएलडी क्षमता का एक अतिरिक्त एसटीपी स्थापित करने की योजना पर काम तेज किया गया है। बुधवार को बुडको के एमडी अनिमेष कुमार पराशर और जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने अधिकारियों के साथ दीघा प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान प्लांट की कार्यप्रणाली और शोधन क्षमता की समीक्षा की गई। केंद्रीय पर्यावरण टीम द्वारा लिए गए नमूनों की जांच में भी शोधित पानी सभी निर्धारित मानकों के अनुरूप पाया गया। नए 250 एमएलडी प्लांट के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। डीएम ने अपर समाहर्ता को उपयुक्त जमीन चिह्नित कर मापी कराने और निर्धारित समयसीमा में उपलब्ध कराने को कहा। नई परियोजना से सीवरेज शोधन क्षमता बढ़ेगी और गंगा में प्रदूषण रोकने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

# जनप्रतिनिधियों की पहल से टूटी नगर परिषद कर्मियों की हड़ताल, काम पर लौटे कर्मचारी

आइडियासिटी संवाददाता

**खगड़िया।** नगर परिषद कर्मियों की हड़ताल से प्रभावित शहर की सफाई और नागरिक सुविधाओं को लेकर आखिरकार जनप्रतिनिधियों को हस्तक्षेप करना पड़ा। सदर विधायक, नगर सभापति अर्चना कुमारी और सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों की पहल के बाद कर्मियों ने हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने का निर्णय लिया। इससे शहरवासियों ने राहत की उम्मीद जताई है। हड़ताल के कारण साफ-सफाई समेत नगर परिषद के कई जरूरी काम प्रभावित हो रहे थे। स्थिति को देखते हुए जनप्रतिनिधियों ने कर्मियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि आपसी विवाद और प्रशासनिक मतभेद का खामियाजा आम जनता को नहीं भुगतना चाहिए। जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। इस दौरान सभापति और अन्य जनप्रतिनिधियों ने कार्यपालक पदाधिकारी सिंधु कमल पर कर्मियों को दिग्भ्रमित कर हड़ताल की स्थिति पैदा करने का आरोप लगाया। ये जनप्रतिनिधियों के आरोप हैं। सभापति ने कहा कि समस्याओं का समाधान बातचीत से होना चाहिए। पहल में



शिवराज यादव, बबलू कुमार, रणवीर कुमार, मोहम्मद साहब उद्दीन, रंजीत सिंह, जैबु महतो, पप्पू यादव और ज्योतिष मिश्रा समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# गौशाला मेले से उठा नशामुक्ति और स्वच्छता का संदेश, 'नशामुक्त-प्लास्टिक मुक्त खगड़िया' अभियान शुरू

आइडियासिटी संवाददाता

**खगड़िया।** गौशाला मेला परिसर से बुधवार को नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण की मुहिम ने रफ्तार पकड़ी। जीवियोरा ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से आयोजित जीवियोरा जन जागरूकता महोत्सव-2026 के तहत 'नशामुक्त खगड़िया' और 'प्लास्टिक मुक्त खगड़िया' अभियान का शुभारंभ किया गया। इसमें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) और इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए), खगड़िया की चिकित्सकीय टीम ने लोगों को जागरूक किया।

चिकित्सकों ने तंबाकू, गुटखा, धूम्रपान और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान बताए। उन्होंने कहा कि नशे की लत सिर्फ व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती है।




युवाओं से इससे दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की गई। वहीं, प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत मेला परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया। दुकानदारों और आगंतुकों से सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने तथा कचरा निर्धारित स्थान पर डालने की अपील की गई।

# तेघड़ा अनुमंडल अस्पताल में केंद्रीय टीम की दस्तक, मशीनों से प्रसव कक्ष तक स्वास्थ्य सेवाओं की पड़ताल

## ओपीडी, लैब, टीबी और कुष्ठ विभाग का लिया जायजा, चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों से पूछे व्यवस्था से जुड़े सवाल



आइडियासिटी संवाददाता

**बेगूसराय।** अस्पतालों में मरीजों को मिल रही सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखने के लिए मंगलवार को केंद्रीय समीक्षा मिशन की दो टीमें तेघड़ा अनुमंडल अस्पताल पहुंचीं। दोपहर करीब तीन बजे पहुंची टीमों ने अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति जानी। टीम ने ओपीडी, प्रसव कक्ष, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, प्रयोगशाला और अस्पताल प्रबंधन का जायजा लिया। टीबी और कुष्ठ रोग विभाग के साथ लैब में उपलब्ध मशीनों और उपकरणों की भी जांच की। अस्पताल में उपलब्ध जांच सुविधाओं की जानकारी लेने के साथ टीम के सामने एक कर्मी का ईसीजी भी कराया गया। ओपीडी में डॉ. लक्ष्मी, डॉ. अपराजिता और डॉ. संदीप राज से पूछताछ की गई। जीएनएम के रजिस्टरों का अवलोकन कर मरीजों के पंजीकरण और उपचार प्रक्रिया को समझा गया। प्रसव कक्ष में एएनएम रति रानी से गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली गई। अस्पताल प्रभारी डॉ. रामकृष्ण ने बताया कि टीम ने चेकलिस्ट के आधार पर प्रत्येक विभाग की समीक्षा की। निरीक्षण में सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# बलहा बाजार में देर रात भीषण अगलगी, किराना और मनिहारी समेत दो दुकानें जलकर राख



आइडियासिटी संवाददाता

**खगड़िया।** मानसी प्रखंड के बलहा बाजार में मंगलवार की देर रात आग लगने से दो दुकानें जलकर राख हो गईं। घटना में लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। आग की लपटें तेज होने से बाजार में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, बलहा निवासी पवन साह की मनिहारी और किराना दुकान में रखा सामान आग की चपेट में आ गया। बगल की सब्जी, फल और मसाले की दुकान भी पूरी तरह प्रभावित हुई। इस दुकान में करीब एक लाख रुपये की संपत्ति जलने का अनुमान है। दोनों दुकानें खपरैल की बताई गई हैं। मुखिया राजेश भारती उर्फ पप्पू साह ने दमकल विभाग को सूचना दी थी। स्थानीय लोगों ने आग लगाने की आशंका जताते हुए दिन में दुकान पर हुई मारपीट की घटना से इसे जोड़कर देखा है। हालांकि, आग लगने का वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। मानसी थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बेलदौर कन्या आवासीय विद्यालय पहुंच डीएम ने परखी व्यवस्था, छात्राओं को IIT-JEE और NEET की तैयारी का मिला भरोसा

आइडियासिटी संवाददाता



**खगड़िया।** बेटियों की शिक्षा और भविष्य की तैयारी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने बुधवार को बेलदौर स्थित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस टू उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने पढ़ाई, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, छात्रावास, भोजन और स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की। छात्राओं से बातचीत कर उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डीएम ने आईआईटी कानपुर की 'साथी पहल' के तहत छात्राओं को आईआईटी-जेईई और नीट की निःशुल्क तैयारी की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की सलाह दी। डीएम और डीडीसी श्रेया श्री ने छात्राओं के बीच हेल्थ कार्ड और विद्यालय डायरी वितरित की। हेल्थ कार्ड में स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड रखा जाएगा। छात्रावास में जीविका दीदियों द्वारा तैयार भोजन, पेयजल और साफ-सफाई की भी जांच की गई। खाली जमीन पर फलदार पौधे लगाने और खेल गतिविधियां बढ़ाने का निर्देश दिया गया। कक्षा छह से नौ तक नामांकन के लिए पांच नवंबर से ऑनलाइन आवेदन जारी है। आवेदन विभागीय पोर्टल पर निःशुल्क किया जा सकता है। अभिभावक की वार्षिक आय अधिकतम तीन लाख रुपये निर्धारित है।

# अब गांवों में पेयजल योजनाएं संभालेंगी स्थानीय समितियां, 391 परिवारों तक पहुंच रहा स्वच्छ पानी

## मुजफ्फरपुर के सकरा प्रखंड में PHED सचिव बी. कार्तिकेय ने किया निरीक्षण

आइडियासिटी संवाददाता



**मुजफ्फरपुर।** ग्रामीण इलाकों में पेयजल योजनाओं को लंबे समय तक सुचारु रखने के लिए बिहार सरकार अब सामुदायिक प्रबंधन मॉडल को विस्तार देने की तैयारी कर रही है। इसी क्रम में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सचिव बी. कार्तिकेय ने बुधवार को सकरा प्रखंड की मझौलिया पंचायत में वार्ड स्तरीय पेयजल योजनाओं का निरीक्षण किया। पंचायत के वार्ड संख्या 11, 12 और 13 में संचालित तीन योजनाओं से कुल 391 घरों को पानी मिल रहा है। इनमें वार्ड 11 के 114, वार्ड 12 के 160 और वार्ड 13 के 117 परिवार शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान सचिव ने जलापूर्ति, रखरखाव और शिकायत निवारण की स्थिति जानी। उन्होंने वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों और लाभार्थियों से बातचीत भी की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बताया कि केंद्रीय शिकायत निवारण कोषांग में दर्ज शिकायतों का तेजी से समाधान हो रहा है। सचिव ने जल चौपाल जैसी गतिविधियों की सराहना करते हुए निर्देश दिया कि सामुदायिक प्रबंधन की चुनौतियों और सफल प्रयोगों का आकलन कर ठोस रोडमैप तैयार किया जाए। उद्देश्य इस मॉडल को बिहार की अन्य पंचायतों में लागू कर नियमित और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना है।

# घर से बुलाकर 20 मीटर दूर सोनू को मारी गोली, 26 वर्षीय युवक की हत्या से दहला दोघराहा

## रात डेढ़ बजे पहुंचे चार युवकों ने माथे में मारी गोली, दो साल की बेटी के सिर से उठा पिता का साया



आइडियासिटी संवाददाता

**खगड़िया।** गंगौर थाना क्षेत्र के दोघराहा गांव में बुधवार की देर रात अपराधियों ने घर से बुलाकर 26 वर्षीय सोनू कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात घर से महज 20 मीटर की दूरी पर हुई। गोली युवक के माथे को भेदते हुए निकल गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई है। मृतक वरैय पंचायत के वार्ड संख्या-14 निवासी रोगारत सदा का पुत्र था। परिजनों के अनुसार, रात करीब 1:30 बजे चार युवक उसके घर पहुंचे और आवाज देकर बाहर बुलाया। इसके बाद घर के पास ही उसे गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर परिजन बाहर निकले, लेकिन तब तक सोनू की मौत हो चुकी थी। सोनू की शादी करीब तीन साल पहले हुई थी। उसकी दो साल की बेटी है। वह परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था और करीब सात लोगों का भरण-पोषण करता था। हत्या की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। गंगौर थानाध्यक्ष श्याम सुंदर पासवान ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। डीएसपी संतोष कुमार पोद्दार ने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिया है।

# गोपाष्टमी पर 138वें महादंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम, महिला कुश्ती भी रही आकर्षण

## कई राज्यों से पहुंचे पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले, राजा पहलवान ने कन्नौज के अजीत को दी शिकस्त

आइडियासिटी संवाददाता

**खगड़िया।** गोपाष्टमी के अवसर पर बुधवार को श्री केशरी नंदन व्यायामशाला की ओर से श्री कृष्णा नंदन व्यायामशाला के अखाड़े पर 138वें महादंगल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खगड़िया समेत विभिन्न जिलों और राज्यों से पहुंचे पहलवानों ने अपनी कुश्ती प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस वर्ष पहलवानों को 10 से 20 वर्ष, 20 से 30 वर्ष और 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में शामिल किया गया था। मुकाबले में राजा पहलवान रोहियार ने उत्तर प्रदेश के कन्नौज निवासी अजीत पहलवान को पराजित किया। मन खुश पहलवान रुपौली ने सत्यम पहलवान भदास को शिकस्त दी, जबकि मुंगेर के मोती पहलवान ने अंकुल पहलवान पसराहा को हराया। सूरज पहलवान आवास बोर्ड और कुंदन पहलवान मुंगेर के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा। लक्ष्मण पहलवान दियारा और निबंध पहलवान पसराहा भी बराबरी पर रहे। महिला कुश्ती में भागलपुर की चांदनी राज और नवगछिया की सावन कुमारी के बीच मुकाबला रोमांचक रहा, जो बराबरी पर समाप्त हुआ। आयोजकों के अनुसार, खराब मौसम के कारण प्रतियोगिता की तारीख 21 से बढ़ाकर 25 नवंबर की गई थी।

# गलत ग्रेड बताकर खनिज राजस्व में सेंध लगाना होगा मुश्किल, अवैध परिवहन पर भी कसेगा शिकंजा

आइडियासिटी संवाददाता

**पटना।** बिहार में अवैध खनन और खनिजों के गैरकानूनी परिवहन पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने नियमों का शिकंजा कस दिया है। मंत्रिपरिषद ने बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2026 को मंजूरी दे दी है। नई व्यवस्था में डिजिटल निगरानी, वाहनों का निबंधन और जीपीएस ट्रैकिंग के जरिए खनिज परिवहन को अधिक पारदर्शी बनाने की तैयारी है। संशोधन के तहत लौह अयस्क का गलत ग्रेड निर्धारण रोकने के लिए नियम-17 में नया प्रावधान किया गया है। पीला बालू पर 20 रुपये, उजला बालू पर 10 रुपये और पत्थर पर 50 रुपये प्रति मीट्रिक टन प्रबंधन शुल्क लगेगा। इससे सरकार को सालाना करीब 100 करोड़ रुपये अतिरिक्त राजस्व मिलने का अनुमान है।

लघु खनिज परिवहन वाहनों का निबंधन और दूसरे राज्यों से खनिज लेकर बिहार आने वाले वाहनों में जीपीएस अनिवार्य होगा। जीपीएस नहीं लगाने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली और हाफ ट्रक पर 50 हजार रुपये तथा बड़े वाहनों पर दो लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। अवैध परिवहन में पकड़े गए वाहनों को पूरा खनिज मूल्य और शमन शुल्क जमा होने तक चालान नहीं मिलेगा। खान मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा कि तकनीक आधारित निगरानी और सख्त कार्रवाई से अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जाएगा।



# तीन बार नीलामी में अनसोल्ड, अब 82 रनों की आतिशी पारी से बिपिन ने फिर ठोकी IPL की दावेदारी

आइडियासिटी कुन्दन श्रीवास्तव

**पटना।** बिहार के विकेटकीपर बल्लेबाज बिपिन सौरभ का बल्ला इन दिनों ऐसी कहानी लिख रहा है, जिसे आईपीएल फ्रेंचाइजियां नजरअंदाज नहीं कर सकतीं। इंदौर में 24 नवंबर को हरियाणा के खिलाफ उन्होंने महज 47 गेंदों पर 82 रन ठोक दिए। दस चौके और चार छक्कों से सजी 174 के स्ट्राइक रेट वाली इस पारी के बावजूद बिहार 24 रन से मुकाबला हार गया, लेकिन बिपिन ने अपनी दावेदारी जरूर मजबूत की। इससे पहले दिल्ली के खिलाफ उन्होंने 19 गेंदों पर 49 रन बनाकर बिहार को 224 रन का लक्ष्य हासिल करने में अहम भूमिका निभाई थी। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अब तक 34 पारियों में 1077 रन, नौ अर्धशतक और 61 छक्के उनके खाते में हैं। 2023-24 में सात पारियों में 420 रन बनाना उनके करियर का शानदार पड़ाव रहा। लगातार तीन आईपीएल नीलामियों में 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर अनसोल्ड रहने के बावजूद बिपिन ने हार



नहीं मानी है। विकेटकीपिंग और आक्रामक बल्लेबाजी उनकी ताकत है। हालांकि किसी फ्रेंचाइजी की दिलचस्पी की आधिकारिक पुष्टि नहीं है, लेकिन मौजूदा प्रदर्शन ने उम्मीद जरूर जगाई है। अब सवाल है कि क्या चौथी नीलामी में बिहार के इस खिलाड़ी की किस्मत चमकेगी?

# बिहार स्टेट गेम्स का शेड्यूल जारी, पटना में 9 और राजगीर में 15 खेलों की होगी भिड़ंत

**2 से 10 दिसंबर तक चलेगा खेलों का महाकुंभ, राजगीर स्पोर्ट्स एकेडमी बनेगा सबसे बड़ा आयोजन केंद्र**

आइडियासिटी कुन्दन श्रीवास्तव

**पटना।** बिहार के खेल मैदानों पर दिसंबर में प्रतिभा, दमखम और प्रतिस्पर्धा का बड़ा संगम देखने को मिलेगा। बिहार स्टेट गेम्स 2026 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। प्रतियोगिताएं 2 से 10 दिसंबर तक पटना और राजगीर में आयोजित होंगी। 30 नवंबर से टीमों का आगमन और तकनीकी अधिकारियों की बैठक शुरू होगी, जबकि 11 दिसंबर को खिलाड़ियों की रवानगी के साथ आयोजन का समापन होगा। पटना में नौ खेलों की स्पर्धाएं होंगी। इनमें साइकिलिंग, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, तलवारबाजी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, वुशु, योगासन और निशानेबाजी शामिल हैं। इनके लिए मरीन ड्राइव, सचिवालय स्पोर्ट्स क्लब, खेल भवन, यंग मेंस इंस्टीट्यूट और पाटलिपुत्र इंडोर स्टेडियम सहित अलग-अलग केंद्र तय किए गए हैं। निशानेबाजी पटना

Bihar State Games 2026
02nd – 10th December 2026

| Sl. | Sports Events | Venues | Game Days | November 30 | December 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | PATNA | | | | | | | | | | | | | |
| 1. | BADMINTON | PATNA, Secretariat Sports Club, Patna | 4 | | | | | | | | | | | | |
| 2. | BOXING | PATNA, Khel Bhawan | 4 | | | | | | | | | | | | |
| 3. | CYCLING | PATNA, Marine Drive | 2 | | | | | | | | | | | | |
| 4. | FENCING | PATNA, Khel Bhawan | 3 | | | | | | | | | | | | |
| 5. | SHOOTING | PATNA & NALANDA, Bikram & Kalyan Bigha | 1 | | | | | | | | | | | | |
| 6. | TABLE TENNIS | Young Men's Institute, PATNA | 3 | | | | | | | | | | | | |
| 7. | TAEKWONDO | Patliputra Indoor Stadium, PATNA | 2 | | | | | | | | | | | | |
| 8. | WUSHU | Patliputra Indoor Stadium, PATNA | 2 | | | | | | | | | | | | |
| 9. | YOGASANA | Patliputra Indoor Stadium, PATNA | 2 | | | | | | | | | | | | |
| | | NALANDA | | | | | | | | | | | | | |
| 1. | ATHLETICS | NALANDA, Sports Academy, Rajgir | 3 | | | | | | | | | | | | |
| 2. | ARCHERY | NALANDA, Sports Academy, Rajgir | 3 | | | | | | | | | | | | |
| 3. | BASKETBALL | NALANDA, Sports Academy, Rajgir | 4 | | | | | | | | | | | | |
| 4. | FOOTBALL | NALANDA, Sports Academy, Rajgir | 5 | | | | | | | | | | | | |
| 5. | HANDBALL | NALANDA, Sports Academy, Rajgir | 4 | | | | | | | | | | | | |
| 6. | HOCKEY | NALANDA, Sports Academy, Rajgir | 4 | | | | | | | | | | | | |
| 7. | JUDO | NALANDA, Sports Academy, Rajgir | 2 | | | | | | | | | | | | |
| 8. | KABADDI | NALANDA, Sports Academy, Rajgir | 4 | | | | | | | | | | | | |
| 9. | PENTATHLON | NALANDA, Sports Academy, Rajgir | 2 | | | | | | | | | | | | |
| 10. | RUGBY | NALANDA, Sports Academy, Rajgir | 2 | | | | | | | | | | | | |
| 11. | SEPAKTAKRAW | NALANDA, Sports Academy, Rajgir | 4 | | | | | | | | | | | | |
| 12. | SWIMMING | NALANDA, Sports Academy, Rajgir | 3 | | | | | | | | | | | | |
| 13. | VOLLEYBALL | NALANDA, Sports Academy, Rajgir | 4 | | | | | | | | | | | | |
| 14. | WEIGHTLIFTING | NALANDA, Sports Academy, Rajgir | 3 | | | | | | | | | | | | |
| 15. | WRESTLING | NALANDA, Sports Academy, Rajgir | 3 | | | | | | | | | | | | |
| | | Days of Competition | | | | | | | | | | | | | |
| | | Arrivals/ Technical Officials Meeting | | | | | | | | | | | | | |
| | | Extra Day/Departures | | | | | | | | | | | | | |

Games Days
Arrival of teams 1 day before the start of event
Departure of teams 1 day after the event or elimination

के बिक्रम और नालंदा के कल्याण बिगहा में होगी।

वहीं राजगीर स्पोर्ट्स एकेडमी में 15 खेलों का आयोजन होगा। फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, तीरंदाजी, तैराकी, कुश्ती, भारोत्तोलन, जूडो, पेंटाथलॉन, रग्बी और सेपकटकरा के मुकाबले होंगे। नियम के अनुसार, प्रत्येक स्पर्धा से एक दिन पहले टीमों का आगमन और मुकाबला समाप्त होने के अगले दिन वापसी निर्धारित है। यह आयोजन राज्य के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच देगा।

# बिहार अंडर-23 टीम की कमान आदित्य राज को, पृथ्वी राज बने उपकप्तान

**स्टेट ए ट्रॉफी के शुरुआती दो मुकाबलों के लिए 17 सदस्यीय टीम घोषित, 21 खिलाड़ी स्टैंडबाय में शामिल**

आइडियासिटी कुन्दन श्रीवास्तव

**पटना ।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने पुरुष अंडर-23 स्टेट ए ट्रॉफी (प्लेट) 2026-27 के शुरुआती दो मुकाबलों के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान आदित्य राज को सौंपी गई है, जबकि पृथ्वी राज उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। युवा खिलाड़ियों के लिए यह प्रतियोगिता सीनियर क्रिकेट की ओर बढ़ने का अहम अवसर मानी जा रही है। घोषित टीम में शिवम राज, रवि सिंह, पवन कुमार राय, पृथ्वी राज, कुमार श्रेय, मोहम्मद आलम, प्रीतम राज, भास्वान, तौफीक, आयुष संजय राज, आदित्य राज, सुमन कुमार, अनुज राज सिंह, वासुदेव प्रसाद सिंह, सुधांशु कुमार, राहुल कुमार और हर्ष नंदा शामिल हैं। इनके अलावा 21 खिलाड़ियों को स्टैंडबाय सूची में रखा गया है।

टीम के मुख्य कोच धीरज कुमार होंगे। केशव कुमार बल्लेबाजी कोच के साथ टीम मैनेजर की भूमिका निभाएंगे। संजय कुमार को फील्डिंग कोच, डॉ. रवि गोस्वामी को फिजियो और अखिलेश शुक्ला को ट्रेनर बनाया गया है। बीसीए ने चयनित खिलाड़ियों को आवश्यक मूल दस्तावेजों और रंगीन फोटोकॉपी के साथ कार्यालय में रिपोर्ट करने तथा बीसीसीआई के ओडीएमएस पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है। अब युवा टीम के सामने मैदान पर प्रदर्शन कर चयन को सही साबित करने की चुनौती होगी।

# पांच मेडल जीतकर नालंदा बना राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता का चैंपियन

**22 जिलों के बीच नालंदा का दबदबा, पटना प्रमंडल 31.9 अंकों के साथ ओवरऑल चैंपियन**



आइडियासिटी संवाददाता

**नालंदा।** राज्य स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता के फाइनल में नालंदा के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और दमखम का शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में नालंदा की टीम ने पांच मेडल जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया और चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं, प्रमंडल स्तर पर 31.9 अंकों के साथ पटना प्रमंडल ने 22 जिलों के बीच ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। नालंदा की इस उपलब्धि से जिले के खेल जगत में उत्साह का माहौल है। विजेता कप नालंदा साइकिलिंग संघ के सचिव प्रमोद कुमार को प्रदान किया गया। खिलाड़ियों की सफलता पर संघ के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने प्रसन्नता जताई। नालंदा साइकिलिंग संघ की संयुक्त सचिव रिंकू कुमारी, अध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय, कोच अभिषेक कुमार एवं कुंदन पांडेय, चंडी रुद्रा फिजिकल के साजन कुमार एवं पुरुषोत्तम कुमार तथा जिला परिषद प्रतिनिधि प्रेम कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। खेल से जुड़े लोगों ने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और प्रशिक्षकों के बेहतर मार्गदर्शन का परिणाम है। राज्य स्तर पर मिली इस उपलब्धि से जिले के उभरते खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और उन्हें साइकिलिंग सहित अन्य खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

## सियार के हमले में बुजुर्ग की दर्दनाक मौत, गांव में दहशत का माहौल

आइडियासिटी संवाददाता

**नूरसराय।** नालंदा में जंगली जानवरों का आतंक अब लोगों की जान पर भारी पड़ने लगा है। नूरसराय थाना क्षेत्र की अंधना पंचायत अंतर्गत शंकरपुर झामा गांव में सियार के कथित हमले में 65 वर्षीय बुजुर्ग लूटन पासवान की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है, वहीं आसपास के इलाकों में भी भय का माहौल है। जानकारी के अनुसार, लूटन पासवान सोमवार की रात रोज की तरह अपने घर में सो रहे थे। देर रात शौचालय जाने के लिए जैसे ही घर से बाहर निकले, इसी दौरान जंगली सियार ने उन पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल होने के कारण उनकी मौत हो गई। परिजनों को घटना की जानकारी मंगलवार सुबह हुई। घर के बाहर बुजुर्ग का शव देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक के पुत्र कुंदन कुमार पासवान ने बताया कि उनके पिता रात में शौचालय जाने के लिए घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान सियार ने हमला कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार, लूटन पासवान सामाजिक स्वभाव के व्यक्ति थे और गांव में काफी सम्मानित थे। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दो वर्षों से इलाके में सियार और नीलगाय की गतिविधियां बढ़ी हैं। इस घटना ने ग्रामीणों की चिंता और बढ़ा दी है। खासकर रात में घर से बाहर निकलने में लोग डर महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग और जिला प्रशासन से इलाके में निगरानी बढ़ाने, जंगली जानवरों को सुरक्षित तरीके से आबादी से दूर करने और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है।

## एनएच-20 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से लोक अदालत के पीएलवी की मौत

आइडियासिटी संवाददाता



**बिहारशरीफ।** एनएच-20 पर रफ्तार का कहर एक परिवार की खुशियां छीन ले गया। दीपनगर थाना क्षेत्र के बख्तियारपुर-रजौली फोरलेन बाईपास पर मंगलवार देर शाम तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार 50 वर्षीय अवधेश कुमार की मौत हो गई। मृतक राणा बिगहा गांव निवासी स्वर्गीय अक्लू सिंह के पुत्र थे और लोक अदालत में पैरा लीगल वॉलंटियर (पीएलवी) के पद पर कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, मंगलवार शाम अवधेश कुमार साइकिल से घर से निकले थे। इसी दौरान दीपनगर बाईपास पर पिलर संख्या-34 के समीप एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि साइकिल उछलकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी और अवधेश कुमार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। उनके सिर में गंभीर चोट लगी और काफी खून बह गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने उनके मोबाइल फोन से परिजनों को सूचना दी। इसके बाद पहुंची दीपनगर थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल को बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचे अधिवक्ता पवन कुमार सिन्हा ने बताया कि सूचना मिलने पर जब वे घटनास्थल पहुंचे तो अवधेश कुमार अचेत अवस्था में सड़क पर पड़े थे। अंधेरा होने के कारण टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान नहीं हो सकी। दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान में जुटी है। परिजनों से आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए मामला यातायात थाना को भेजा जाएगा। घटना के बाद राणा बिगहा गांव में मातम पसरा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, 19 वर्षीय राहुल गिरफ्तार

**बाबुरबन्ना इलाके से पुलिस ने दबोचा, न्यायालय में पेशी के बाद भेजा गया जेल**

आइडियासिटी संवाददाता



**नालंदा।** नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में सोहसराय थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे 19 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान सोहसराय थाना क्षेत्र के सलेमपुर मोहल्ला निवासी नरेश राम के पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। सोहसराय थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश के अनुसार, मामले में 10 नवंबर 2026 को एक पीड़ित पिता ने अपनी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए राहुल कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस संबंध में सोहसराय थाना कांड संख्या 326/26 दर्ज किया गया था। प्राथमिकी के बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। इसी बीच 24 नवंबर को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी बाबुरबन्ना इलाके में मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में जुटी है।

# राजद के पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव के बंद मकान में भीषण चोरी

## अधिकारियों के आवास के पास हुई घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

आइडियासिटी संवाददाता

**हिलसा।** हिलसा थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव के बंद मकान में चोरों ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया। बदमाश घर से करीब डेढ़ लाख रुपये नकद, पिस्टल के 10 कारतूस और महत्वपूर्ण कागजात लेकर फरार हो गए। घटना मंगलवार की रात की बताई जा रही है। शक्ति सिंह यादव के पटना में रहने के दौरान चोरों ने उनके आवास को निशाना बनाया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। चोरों ने शहर के वीआईपी इलाके में स्थित उनके आवास के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। इसके बाद पीछे के दरवाजे का ताला भी तोड़ दिया। घर के सभी कमरों की तलाशी लेते हुए बदमाशों ने दीवान और पलंगों को खंगाल डाला। घर का सामान इधर-उधर बिखरा मिला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चोर नकदी, कारतूस और महत्वपूर्ण कागजात लेकर फरार हुए हैं। घर में रखे अन्य सामान की भी जांच की जा रही है।नराजद के प्रखंड अध्यक्ष नवल यादव ने बताया कि छठ महापर्व के बाद शक्ति सिंह यादव हिलसा आए थे। इसके बाद तेजस्वी यादव के आगमन और पार्टी के कार्यक्रमों में व्यस्त रहने के कारण वे बाहर चले गए। पिछले दो दिनों से उनका आवास पूरी तरह बंद था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। शक्ति सिंह यादव का मकान शहर के प्रमुख वीआईपी इलाके में स्थित है। इसके आसपास अनुमंडल पुलिस



पदाधिकारी, न्यायिक पदाधिकारियों और प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों के सरकारी आवास हैं। ऐसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में चोरी की घटना से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। थानाध्यक्ष चन्द्रभानु ने बताया कि घर में कोई सदस्य नहीं रह रहा था। मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी की गई है। घटनास्थल की जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम और खोजी कुत्ते की टीम को बुलाया जा रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। गृहस्वामी के आने के बाद ही चोरी गए सामान का विस्तृत आकलन हो सकेगा।

# होटल के कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

## परिजनों ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप, होटल में किया हंगामा

आइडियासिटी संवाददाता

**बिहारशरीफ ।** लहेरी थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर स्थित होटमनीष पैलेस में बुधवार को एक युवक का संदिग्ध स्थिति में युवकका शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गिरियक प्रखंड के पावापुरी सहायक थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव निवासी मनोज कुमार के 35 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार के रूप में हुई है। युवक का शव होटल के कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। सतीश गढ़पर में रहकर निजी स्कूल चलाते थे। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। मोबाइल




बंद मिलने पर परिजनों ने पावापुरी और लहेरी थाना पुलिस से मदद मांगी। आरोप है कि दोनों थानों के बीच क्षेत्राधिकार को लेकर मामला उलझा रहा और समय पर कार्रवाई नहीं हुई। मृतक के भाई सूरज कुमार और चाचा धर्मेंद्र कुमार ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उनका आरोप है कि समय रहते कार्रवाई होती तो सतीश का पता चल सकता था। शव मिलने के बाद परिजनों ने होटल में हंगामा किया। सूचना मिलते ही एसपी हृदयकांत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। होटल रजिस्टर में युवक के हस्ताक्षर का मिलान भी नहीं हो पाया है। होटल संचालक के फरार होने की बात सामने आई है। हत्या या आत्महत्या, यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

# केवल कानून से नहीं, सामाजिक जागरूकता और आत्मअनुशासन से बनेगा नशामुक्त समाज

## क्या केवल कानून से नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है' विषय पर परिचर्चा आयोजित

आइडियासिटी संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नालंदा खुला विश्वविद्यालय में 'नशामुक्त बिहार अभियान' के अंतर्गत 'क्या केवल कानून से नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के पत्र के आलोक में कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार के निर्देशानुसार आयोजित यह कार्यक्रम स्वस्थ, सशक्त एवं समृद्ध बिहार की दिशा में एक ठोस कदम था। कार्यक्रम की संचालिका डॉ. संगीता कुमारी ने परिचर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि नशे की राह पर चलकर कभी मंजिल नहीं मिलती। इसकी आग में जलकर जिंदगी नहीं खिलती। कानून तो रास्ता दिखा सकता है, मगर बदलाव की मशाल इंसान के भीतर ही जलती है। डॉ. अमरनाथ पांडेय ने विषय के विपक्ष में अपने विचार रखते हुए कहा कि कानून बनाना आसान है, लेकिन केवल कानून बनाने से नशे पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती। पारिवारिक दबाव और सामाजिक चेतना के बल पर ही व्यक्ति नशे के चंगुल से बाहर निकल सकता है। परिवार नशामुक्ति की पहली पाठशाला है। वहीं, डॉ. पल्लवी ने विषय के पक्ष में अपने विचार रखते हुए कहा कि बिहार को नशा




प्रतिबंधित राज्य के रूप में स्थापित करने के बाद नशे से संबंधित राजस्व से राज्य वंचित हुआ, जिससे विकास में बाधा आने की आशंका थी। इसके बावजूद तत्कालीन सरकार नशामुक्त बिहार के निर्माण के प्रति दृढ़ संकल्पित रही। इसके परिणामस्वरूप समाज का उत्थान स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। कानून का सहारा लेकर परिवार और समाज के परिवेश में भी काफी हद तक सुधार किया गया है। कानून हमें आगे बढ़ने में हरसंभव मदद देने के लिए तत्पर है। यहां तक कि मनोवैज्ञानिक परामर्श और पुनर्वास के लिए भी सहयोग प्रदान करता है। विद्यार्थियों की ओर से प्रेमजीत कुमार ने विषय के पक्ष में अपनी बात रखते हुए कहा कि कानून का सहारा लेकर सामाजिक बदलाव किया जा सकता है। वहीं, कर्मचारियों की ओर से कुणाल गौतम ने कहा कि कानून के डर से लोग नशे की हालत में सड़कों पर उत्पात नहीं मचाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलसचिव प्रोफेसर अभय कुमार सिंह ने कहा कि नशामुक्ति के लिए कानून जरूरी है, लेकिन उसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है। समाज में अनुशासन की एक मर्यादा होनी चाहिए। यदि व्यक्ति आत्मअनुशासित है तो वह अनुशासन के विरुद्ध नहीं जा सकता। स्वतंत्रता कभी स्वच्छंदता का रूप नहीं ले सकती। हमें 'हम सुधरेंगे तो जग सुधरेगा' के मंत्र को अपनाकर आगे बढ़ना चाहिए।

# गरीबों के उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्ध : श्रवण कुमार

## मंत्री ने लाभुकों के बीच वितरित की स्वीकृति राशि और पत्र



आइडियासिटी संवाददाता

**बिहारशरीफ :** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को बिहारशरीफ प्रखंड की विभिन्न पंचायतों के लाभुकों के बीच सरकार की ओर से संचालित प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के तहत स्वीकृति राशि और स्वीकृति पत्र का वितरण किया। इस कार्यक्रम में डुमरावां, मेघी नगवां, बियाबानी और पचौरी पंचायतों के दर्जनों पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिया गया। इस दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और बिहार राज्य नि:शक्तता पेंशन योजना के कुल 20 लाभुकों को 1,100 रुपये प्रतिमाह की दर से पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत मेघी नगवां, डुमरावां, बियाबानी और पचौरी पंचायत की 13 महिला लाभुकों को पक्का मकान बनाने के लिए योजना का लाभ दिया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के तहत आपदा एवं असामयिक निधन से प्रभावित परिवारों के आश्रित बलदेव प्रसाद यादव और संजीता कुमारी को 20-20 हजार रुपये की एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब, वंचित, वृद्ध और असहाय लोगों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र लाभुकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से और समय पर पहुंचाना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार, प्रदेश सचिव गुलरेज अंसारी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष धनंजय कुमार, पी. कुशवाहा, युगल किशोर, मुखिया बिट्टू कुशवाहा, रामवृक्ष प्रसाद, रामजन्म रविदास, सोनू रविदास, रंजीत सिंह, संजय राम, विश्वास सिंह, निरंजना गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# रहुई के हवनपुरा में चला प्रशासन का बुलडोजर, आठ मकान जमींदोज

## अतिक्रमण के मामले में न्यायालय के आदेश पर हुई कार्रवाई

### पीड़ितों ने बिना नोटिस कार्रवाई करने का लगाया आरोप

आइडियासिटी संवाददाता

**बिहारशरीफ।** रहुई में एक बार फिर प्रशासन का बुलडोजर चला। बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रहुई थाना क्षेत्र की हवनपुरा पंचायत में अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर कार्रवाई की गई। मौके पर स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। दरअसल, पूरा मामला गैरमजरुआ जमीन से जुड़ा हुआ है। न्यायालय के आदेश पर रहुई के अंचलाधिकारी पुलिस बल और प्रशासनिक टीम के साथ बुलडोजर कार्रवाई कराने हवनपुरा पहुंचे। प्रशासन के अनुसार, इस मामले में कुल 13 घरों को चिह्नित किया गया था, जिनमें से 10 घरों के मालिकों को नोटिस दिया गया था। बुधवार को दिनभर चली कार्रवाई के दौरान कुल आठ मकानों को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया गया। वहीं, कार्रवाई से प्रभावित गृहस्वामियों ने प्रशासन पर बिना नोटिस दिए अचानक गांव में बुलडोजर चलाने का आरोप लगाया है। पीड़ितों का कहना है कि अचानक हुई इस कार्रवाई में उनके घरों



के साथ लाखों रुपये का सामान भी बर्बाद हो गया। इससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। दिनभर चली इस कार्रवाई के दौरान अंचलाधिकारी मौके पर मौजूद रहकर स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। अब तक विनय कुमार सिंह, बमबम सिंह, इंदु देवी, भोला कुमार, साकेत कुमार, राम इकबाल सिंह, विजय कुमार सिंह और अजय सिंह के मकानों को जमींदोज किया जा चुका है।

# दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

आइडियासिटी संवाददाता

**सरमेरा।** बिहटा-सरमेरा पथ पर सरमेरा थाना क्षेत्र के बड़ी मिसिया गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसा इतना भीषण था कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ रेफर कर दिया गया। मृतकों में सरमेरा थाना क्षेत्र के इसुआ गांव निवासी रामजी चौहान का 28 वर्षीय पुत्र शिवशंकर कुमार शामिल है। वहीं, दूसरे मृतक की पहचान करने की प्रक्रिया की जा रही है। हादसे में इसुआ गांव निवासी समीर चौहान के पुत्र जितेंद्र कुमार, घोसवरी थाना क्षेत्र के गोसाई गांव निवासी सुरेश मिस्त्री के पुत्र अविनाश कुमार और स्वर्गीय बनारसी मिस्त्री के पुत्र नरेश विश्वकर्मा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सरमेरा थानाध्यक्ष साकेंद्र बिंद ने बताया कि एक बाइक पर तीन और दूसरी बाइक पर दो युवक सवार थे। दोनों बाइकों की गति काफी तेज थी।

इसी दौरान दोनों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और सभी सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया में जुटी है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, दो जख्मी

आइडियासिटी संवाददाता

**बिहारशरीफ ।** दीपनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग जख्मी हो गए। पहली घटना जेल गेट के समीप हुई, जहां अनियंत्रित बाइक ई-रिक्शा से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग जख्मी हो गए। मृतक की पहचान कोसुक गांव निवासी 18 वर्षीय रविराज कुमार के रूप में की गई है। युवक की मौत से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने कोसुक गांव के पास राजगीर-बिहारशरीफ मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। लोग मुआवजे की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि बाइक बिहारशरीफ की ओर जा रही थी। इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य सवार जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। इसके बाद बिहारशरीफ-राजगीर मार्ग पर यातायात सुचारू हुआ। वहीं, दूसरी घटना मंगलवार देर शाम जिला परिवहन कार्यालय के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-20 पर हुई। यहां अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान राणा बिगहा गांव निवासी 50 वर्षीय अवधेश कुमार सिंह के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

# खबर छपते ही हरकत में आया प्रखंड प्रशासन, शौचालय के फर्श पर केमिकल डालकर कराई सफाई

## दो दिन बाद दिखी कार्रवाई, लेकिन जर्जर दीवारें और बंद लिफ्ट अब भी बनी परेशानी




आइडियासिटी संवाददाता

**एकंगरसराय।** प्रखंड कार्यालय की बदहाल व्यवस्था को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद आखिरकार प्रशासन की नींद टूटी। खबर छपने के दो दिन बाद शौचालय के फर्श पर केमिकल का छिड़काव कर सफाई कराई गई। हालांकि, यह कार्रवाई अभी आधी-अधूरी ही नजर आ रही है। शौचालय की जर्जर दीवारें अब भी व्यवस्था की पोल खोल रही हैं, जबकि आम लोगों और दिव्यांगों की सुविधा के लिए लगाई गई लिफ्ट अब तक बंद पड़ी है। गौरतलब है कि प्रखंड कार्यालय का भवन चार-पांच साल पहले ही बनाया गया था, लेकिन इतने कम समय में इसकी स्थिति खंडहर जैसी होने लगी है। शौचालय की बदहाली और लिफ्ट बंद रहने के कारण कार्यालय आने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दूसरी और तीसरी मंजिल पर काम होने की स्थिति में दिव्यांगों को सीढ़ियों के सहारे ऊपर जाना पड़ता है। बुजुर्गों और शारीरिक रूप से कमजोर लोगों के लिए भी यह स्थिति परेशानी का सबब बनी हुई है।

**सफाई हुई, लेकिन व्यवस्था में सुधार का इंतजार**

खबर प्रकाशित होने के बाद शौचालय के फर्श की सफाई तो करा दी गई, लेकिन भवन के रखरखाव और बुनियादी सुविधाओं की समस्या अब भी बरकरार है। भवन की साफ-सफाई और रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की है। ऐसे में सवाल उठता है कि लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए सरकारी भवन में बुनियादी सुविधाओं का यह हाल क्यों है? अंचलाधिकारी विनीत व्यास ने बताया कि शौचालय की समस्या जल्द ठीक कराई जाएगी। वहीं, लिफ्ट चालू कराने के लिए संबंधित विभाग को पत्र लिखा जाएगा।

# बेन में पानी भरे गड्ढे में पलटी बारातियों से भरी स्कॉर्पियो, बड़ा हादसा टला

## महाबीघा मोड़ के पास अनियंत्रित हुआ वाहन, धरहरा गांव में मारपीट को लेकर दोनों पक्षों ने थाने में दिया आवेदन

आइडियासिटी संवाददाता

**बेन।** बेन थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात दो अलग-अलग घटनाओं ने इलाके में चर्चा का माहौल बना दिया। एक ओर बारातियों से भरी स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पानी भरे गड्ढे में पलट गई, वहीं दूसरी ओर धरहरा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया। राहत की बात रही कि सड़क हादसे में किसी की जान नहीं गई। जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात करीब 10 बजे बेन थाना गेट से लगभग एक किलोमीटर दूर महाबीघा मोड़ के समीप बारात लेकर जा रही स्कॉर्पियो (क्रमश: 21क्ष0106) अचानक अनियंत्रित हो गई। चालक का वाहन से नियंत्रण हटते ही स्कॉर्पियो सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में पलट गई। हादसा इतना जोरदार था कि गाड़ी के चारों पहिए ऊपर हो गए। वाहन में सवार बारातियों के बीच अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव में मदद की। सूचना मिलने पर बेन थाना पुलिस भी पहुंची और हल्की चोट लगने वाले लोगों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेन भेजा। गड्ढे में पानी रहने के कारण वाहन सवार लोगों को गंभीर चोट नहीं आई और बड़ा हादसा टल गया।

इसी थाना क्षेत्र के धरहरा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ बेन थाना में अलग-अलग आवेदन दिया है। पुलिस पदाधिकारी रौशन कुमार के अनुसार, एक पक्ष के चंदन कुमार (22), पिता शिव कुमार चौधरी और दूसरे पक्ष के अभिनव कुमार (23), पिता सेवक मांझी, दोनों निवासी धरहरा गांव ने मारपीट की शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस ने दोनों पक्षों के आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# फतुहा–चंडी–बाढ़ सड़क के निर्माण की तैयारी तेज, 49 करोड़ होंगे खर्च

**71.774 किलोमीटर लंबी सड़क बनेगी एनएच-471, तुलसीगढ़ के पास हॉट मिक्सिंग प्लांट और लैब स्थापित करने का काम शुरू**



आइडियासिटी संवाददाता

**चंडी।** फतुहा से चंडी होते हुए बाढ़ तक सफर करने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। इस मार्ग की सूरत बदलने की तैयारी तेज हो गई है। करीब 71.774 किलोमीटर लंबी सड़क का लगभग 49 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराया जाएगा। सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग-471 के रूप में चिह्नित किया गया है।

निर्माण एजेंसी ने शुरुआती तैयारियां शुरू कर दी हैं। योजना के तहत चंडी प्रखंड के तुलसीगढ़ के पास हॉट मिक्सिंग प्लांट और लैब स्थापित की जा रही है। सड़क निर्माण की जिम्मेदारी विकास कुमार कंस्ट्रक्शन को सौंपी गई है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद फतुहा, चंडी, हरनौत और बाढ़ के बीच आवागमन पहले की अपेक्षा अधिक सुगम होने की उम्मीद है। इससे रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी।

## सड़क बनेगी, लेकिन अतिक्रमण से कैसे मिलेगी मुक्ति?

सड़क निर्माण के साथ ही सबसे बड़ी चुनौती इसके किनारे बढ़ते अतिक्रमण पर रोक लगाना होगा। नरसंडा, जैतीपुर, माधोपुर, धरमपुर और रामघाट समेत कई स्थानों पर सड़क किनारे फिर से दुकानें सजने लगी हैं। कहीं बालू-गिट्टी का कारोबार हो रहा है तो कहीं फल-सब्जियों की दुकानें सड़क की जमीन तक फैल गई हैं। इससे सड़क की चौड़ाई प्रभावित होती है और वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के बाद यदि अतिक्रमण पर स्थायी रोक नहीं लगाई गई तो कुछ ही समय में फिर वही पुरानी स्थिति पैदा हो सकती है। ऐसे में प्रशासन को निर्माण कार्य के साथ-साथ सड़क की जमीन को अतिक्रमणमुक्त रखने की भी ठोस व्यवस्था करनी होगी। लोगों की मांग है कि सड़क के दोनों किनारों पर नियमित निगरानी हो और अवैध कब्जे के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जाए, ताकि करीब 49 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले निर्माण का लाभ लंबे समय तक मिल सके।

# जीविका दीदियों के घर रहकर ग्रामीण जीवन का अध्ययन करेंगे 60 प्रतिभागी

**राजगीर, हरनौत और सिलाव के गांवों में चलेगा विशेष विलेज इमर्शन कार्यक्रम, स्वयं सहायता समूहों और आजीविका के मॉडल को समझेंगे प्रतिभागी**

आइडियासिटी संवाददाता

**नालंदा।** ग्रामीण विकास की योजनाओं और गांवों की वास्तविक परिस्थितियों को समझने के लिए नालंदा के तीन प्रखंडों में विशेष विलेज इमर्शन (ग्राम अध्ययन) कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत राजगीर, हरनौत और सिलाव प्रखंड के विभिन्न गांवों में कुल 60 प्रतिभागियों को भेजा जाएगा। प्रत्येक प्रखंड में 20-20 प्रतिभागी ग्रामीण परिवारों के बीच रहकर उनकी जीवनशैली, आजीविका और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को करीब से समझेंगे। इस कार्यक्रम की खास बात यह है कि प्रतिभागी किसी होटल या संस्थागत परिसर में नहीं, बल्कि जीविका दीदियों के घरों में रहेंगे। वहीं भोजन करेंगे और ग्रामीण परिवारों के साथ समय बिताएंगे। इस दौरान वे महिलाओं की दिनचर्या, आर्थिक गतिविधियों, रोजगार के अवसरों और ग्रामीण समाज की चुनौतियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को किताबी ज्ञान से आगे ले जाकर ग्रामीण समाज की वास्तविक तस्वीर से परिचित कराना है। इसके तहत जीविका दीदियों द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठनों और विभिन्न रोजगार मॉडलों का भी अध्ययन किया जाएगा। महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका को समझना भी कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**तीनों प्रखंडों में चयनित प्रतिभागियों की सूची**

राजगीर प्रखंडः रिया भारती, कोमल प्रिया, सौरभ राज, शिवम कुमार, निश्चय रॉय, सोमेश कुमार, अभिषेक कुमार मिश्रा, रवि रंजन, स्नेहिल कुमार, सुधा सिंह, श्वेता सागर, प्रिया कुमारी, स्वाति कुमारी, अंकित कुमार, सौम्या कुमारी, मनीष कुमार चौधरी, कौस्तुभ निर्मल, इशिका शिवानी, चांदनी कुमारी और रोहित राज। हरनौत प्रखंडः चंद्रलोक कुमार, प्रशांत कुमार, जय प्रकाश, अविनाश कुमार, अनमोल कुमार, सचिन कुमार, निखिल भूषण, चिरंजीव कुमार चंदन, प्रवीण कुमार, विष्णु कांत, राजेश रंजन, कमलेश कुमार सिंह, राघवजी ठाकुर, राजीव कुमार, सुधांशु कुमार, राहुल रंजन, सौरव कुमार सुमन, कुमार मंथन, संजय कुमार राम और सुशांक झा। सिलाव प्रखंडः भावना, दिव्या प्रभा, नेहा कुमारी, प्रीति कुमारी, सुषमा सिंह, उम्मुल वरा, खुशबू कुमारी, पूजा कुमारी, स्वेच्छा श्रीवास्तव, वीरेंद्र कुमार बैठा, रितिक कुमार, विकास कुमार, दिव्यांशु आदित्य, पवन कुमार सिंह, प्रसन्नजीत, आलोक कुमार, मो. आदिल हुसैन, गौरव कुमार सत्यार्थी, प्रभात कुमार यादव और मोहम्मद शाह फहद।

# धान के चार बोरे के विवाद में खूनी संघर्ष, 30-40 लोगों ने तीन को लाठी-रॉड से पीटा

आइडियासिटी संवाददाता

**नूरसराय।** धान के चार बोरे के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। नूरसराय थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुर रेलवे अंडरपास के समीप मंगलवार शाम 30 से 40 लोगों की भीड़ ने ट्रैक्टर मालिक, चालक और मजदूर पर लाठी-डंडे तथा लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आरोप है कि मारपीट के बाद हमलावर ट्रैक्टर पर लदे चार बोरा धान भी लेकर फरार हो गए।

घायलों की पहचान चंडासी गांव निवासी संतोष कुमार (46), निक्की कुमार (30) तथा शंकरपुर झामा गांव निवासी रंजीत कुमार (23) के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को नूरसराय अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया। घायल मजदूरों के अनुसार, वे लोग सिरसिया बिगहा गांव से धान की दौनी कर ट्रैक्टर से लौट रहे थे। मेहनताना के रूप में मिले चार बोरा धान को ट्रैक्टर पर लादकर चंडासी गांव ले जा रहे थे। इसी दौरान मुजफ्फरपुर रेलवे अंडरपास के पश्चिमी छोर पर ट्रैक्टर रोककर वे लोग पेशाब करने लगे। तभी चार-पांच लोग पहुंचे और ट्रैक्टर पर लदे धान के बोरे उतारने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते चूहड़मल और नौ पेडिया की ओर से करीब 30-40 लोग पहुंच गए। सभी ने मिलकर तीनों पर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में तीनों बुरी तरह जख्मी हो गए।

इसके बाद हमलावर चार बोरा धान लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर चंडासी गांव की मुखिया अनु सिंह ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचीं और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। नूरसराय थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हमलावरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल है।






# तीन दिन संगीत का सुरूर, सात दिन ग्राम संस्कृति की रौनक...

# के साथ आज से सजेगी राजगीर महोत्सव की महफिल

## उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी करेंगे ऐतिहासिक महोत्सव का उद्घाटन



















आइडियासिटी संवाददाता

**राजगीर/बिहारशरीफ।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी राजगीर एक बार फिर कला, संस्कृति, संगीत, परंपरा और ग्रामीण हुनर के रंगों में सराबोर होने जा रही है। ऐतिहासिक राजगीर महोत्सव-2026 का आगाज 26 नवंबर से होगा। बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी गुरुवार को शाम पांच बजे राजगीर के स्टेट गेस्ट हाउस मैदान में तीन दिवसीय महोत्सव का विधिवत उद्घाटन करेंगे। पर्यटन विभाग, बिहार सरकार और जिला प्रशासन नालंदा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव को इस बार 'वैश्विक पर्यटन की ओर अग्रसर' थीम पर सजाया जा रहा है। महोत्सव की खासियत यह है कि यहां सिर्फ बॉलीवुड संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महफिल नहीं सजेगी, बल्कि बिहार की लोक परंपरा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, हस्तशिल्प, कुटीर उद्योग, महिला सशक्तिकरण और देश के विभिन्न राज्यों की कला-संस्कृति को भी एक मंच मिलेगा। मुख्य सांस्कृतिक आयोजन 26 से 28 नवंबर तक चलेगा, जबकि ग्रामश्री मेला सात दिनों तक यानी 2 दिसंबर तक लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेगा।

### बॉलीवुड की आवाजों से गूंजेगी राजगीर की वादियां

तीन दिवसीय महोत्सव की हर शाम संगीत प्रेमियों के लिए खास होगी। पहले दिन 26 नवंबर को उद्घाटन समारोह के बाद छऊ नृत्य की पारंपरिक प्रस्तुति होगी। इसके बाद बॉलीवुड के लोकप्रिय गायक मोहम्मद इरफान और स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। 27 नवंबर को बॉलीवुड की प्रसिद्ध गायिका हर्षदीप कौर अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। वहीं, 28 नवंबर को चर्चित एमजे-5 डांस ग्रुप की नृत्य प्रस्तुति और पार्श्व गायिका रिया भट्टाचार्या सहित अन्य कलाकारों के कार्यक्रम महोत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या को यादगार बनाएंगे। प्रशासन की ओर से स्थानीय कलाकारों को भी मंच पर पर्याप्त समय देने की तैयारी की गई है, ताकि नालंदा और बिहार की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के साथ अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके।

### सात दिनों तक चलेगा ग्रामश्री मेला, 190 स्टॉलों पर दिखेगी देशभर की कला

राजगीर महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण ग्रामश्री मेला भी होगा। राजगीर के हॉकी मैदान में 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित होने वाले इस मेले के लिए करीब 190 स्टॉल तैयार किए जा रहे हैं। यहां बिहार समेत देश के अलग-अलग राज्यों के हस्तशिल्पियों, कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण उद्यमियों के उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री होगी। में बिहार, झारखंड, असम, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के उत्पाद देखने और खरीदने का अवसर मिलेगा।

### मेले में आकर्षण के प्रमुख उत्पाद

* मधुबनी पेंटिंग और मंजूषा कला।
* भागलपुरी सिल्क और हैंडलूम की साड़ियां।
* टेराकोटा एवं मिट्टी से बनी कलाकृतियां।
* बांस से तैयार घरेलू एवं सजावटी सामान।
* अचार, पापड़, शहद और ग्रामीण खाद्य उत्पाद।
* लकड़ी के खिलौने और पारंपरिक हस्तशिल्प।

इस मेले का उद्देश्य केवल खरीदारी का अवसर देना नहीं, बल्कि ग्रामीण कारीगरों, छोटे उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को बाजार उपलब्ध कराना भी है। इससे स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिलने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

### संगीत के साथ दंगल, टांगा रेस और घुड़सवारी का रोमांच

राजगीर महोत्सव की पहचान सिर्फ सांस्कृतिक मंच तक सीमित नहीं है। यहां पारंपरिक खेल और ग्रामीण मनोरंजन भी लोगों को आकर्षित करते हैं। इस बार महिला एवं पुरुष वर्ग की दंगल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। दंगल के लिए अखाड़े में मिट्टी डालने का काम पूरा किया जा चुका है और लगभग 50 से 60 पहलवान अपना पंजीकरण करा चुके हैं। इसके अतिरिक्त टांगा रेस, टांगा सज्जा प्रतियोगिता और घुड़सवारी दौड़ जैसे आयोजन भी प्रस्तावित हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से राजगीर की पारंपरिक खेल संस्कृति और ग्रामीण परिवेश की झलक देखने को मिलेगी।

### महिला महोत्सव में महिलाओं को मिलेगा अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच

महोत्सव के तहत महिला महोत्सव भी आयोजित किया जाएगा। इसमें महिलाओं की प्रतिभा, रचनात्मकता और सामाजिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, ओपन माइक और विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। नशा मुक्ति, साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी है। सद्भावना मार्च भी कार्यक्रम का हिस्सा होगा, जिसका समापन ऐतिहासिक गृद्धकूट पर्वत पर प्रस्तावित है। इसके अलावा स्थानीय कंटेंट क्रिएटर्स को प्रोत्साहित करने के लिए रील मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। इसमें ज्ञानवर्धक, मनोरंजक और आकर्षक वीडियो बनाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### पुस्तक मेला, व्यंजन मेला और कृषि प्रदर्शनी भी बनेगी आकर्षण

राजगीर महोत्सव में लोगों को मनोरंजन के साथ ज्ञान, स्वाद और खरीदारी का भी अवसर मिलेगा। ग्रामश्री मेले के अलावा पुस्तक मेला, व्यंजन मेला, कृषि मेला, नर्सरी और विभिन्न सरकारी विभागों की प्रदर्शनियां भी आयोजित की जाएंगी। बिहार के पारंपरिक व्यंजनों के साथ सिलाव के प्रसिद्ध खाजा जैसे स्थानीय उत्पादों का स्वाद लेने का अवसर भी मिलेगा। इससे महोत्सव में आने वाले पर्यटकों को नालंदा की सांस्कृतिक और खानपान की पहचान से रूबरू होने का मौका मिलेगा।

### नौ एलईडी स्क्रीन, तीन प्रमुख पार्किंग स्थल और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

महोत्सव में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया है। जिलाधिकारी उदिता सिंह और पुलिस अधीक्षक हृदयकांत ने 24 नवंबर को स्टेट गेस्ट हाउस मैदान में अधिकारियों और आयोजन से जुड़े वेंडरों के साथ तैयारियों की समीक्षा की।

### प्रशासनिक तैयारियों के प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं

- मुख्य पंडाल के अंदर छह एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही हैं।
- मैदान के बाहर तीन अतिरिक्त एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था रहेगी।
- व्यंजन मेला परिसर में भी स्क्रीन लगाने का निर्देश दिया गया है।
- कार्यक्रम स्थल के आसपास तीन प्रमुख पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।
- पांडु पोखर सहित शहर के अन्य चिह्नित स्थानों पर भी पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।
- शहर के प्रवेश मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती होगी।
- पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं की नियमित निगरानी होगी।

पुलिस प्रशासन ने पार्किंग स्थलों पर वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा कराने और प्रवेश द्वार के आसपास जाम नहीं लगने देने का निर्देश दिया है। भीड़ नियंत्रण और यातायात संचालन के लिए अलग-अलग स्तर पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी।

## नालंदा की पर्यटन पहचान को वैश्विक मंच देने की कोशिश

राजगीर महोत्सव का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है, क्योंकि राजगीर केवल बिहार का पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। भगवान बुद्ध, भगवान महावीर, मगध साम्राज्य और प्राचीन नालंदा की विरासत से जुड़ी इस धरती पर आयोजित होने वाला यह महोत्सव पर्यटन को संस्कृति और स्थानीय अर्थव्यवस्था से जोड़ने का प्रयास है। राजगीर के गर्म जलकुंड, विश्व शांति स्तूप, वेणुवन, घोड़ा कटोरा, पांडु पोखर और आसपास के ऐतिहासिक स्थलों को देखने आने वाले पर्यटकों के लिए यह महोत्सव अतिरिक्त आकर्षण लेकर आएगा। इस आयोजन से होटल, परिवहन, स्थानीय दुकानदारों, हस्तशिल्पियों, कलाकारों और छोटे कारोबारियों को भी आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। जिला प्रशासन ने महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए 32 कोषांगों का गठन किया है। डीएम उदिता सिंह और एसपी हृदयकांत ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ आयोजन को सुरक्षित, व्यवस्थित और यादगार बनाने का निर्देश दिया है।

कुल मिलाकर, 26 नवंबर से राजगीर में तीन दिनों तक बॉलीवुड संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम रहेगी, तो सात दिनों तक ग्रामश्री मेले में देशभर के हस्तशिल्प और ग्रामीण उत्पादों की रौनक देखने को मिलेगी। यह महोत्सव न केवल नालंदा की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का अवसर है, बल्कि स्थानीय हुनर और पर्यटन को नई ऊंचाई देने की भी बड़ी कोशिश है।



# नालंदा समेत तीन जिलों में 1294 एकड़ पर बसेंगे नए औद्योगिक क्षेत्र

## उद्योग, सुशासन और वैज्ञानिक पुलिसिंग की नई बिसात बिछा रही बिहार सरकार

आइडियासिटी संवाददाता

पटना। बिहार में विकास की रफ्तार बढ़ाने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए सरकार ने एक साथ कई मोर्चों पर बड़ी पहल की है। एक ओर उद्योगों के विस्तार के लिए तीन जिलों में 1294.37 एकड़ जमीन अधिग्रहित कर नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे, तो दूसरी ओर अपराध अनुसंधान को वैज्ञानिक आधार देने के लिए फॉरेंसिक जांच व्यवस्था को आधुनिक बनाया जा रहा है। उद्योग, बुनियादी सुविधाओं, प्रशासनिक सुधार और कानून-व्यवस्था से जुड़े इन कदमों के बीच 25 नवंबर की कैबिनेट बैठक भी ऐतिहासिक रही। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में पहली बार ई-कैबिनेट प्रणाली के जरिए बैठक हुई और 34 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

### तीन जिलों में उद्योगों का नया ठिकाना

नालंदा, समस्तीपुर और शेखपुरा में नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए 706.51 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। नालंदा के इस्लामपुर स्थित ब्रह्मगांव में 564.37 एकड़, समस्तीपुर के तीन मौजों में 480 एकड़ और शेखपुरा के चेवाड़ा क्षेत्र में 250 एकड़ जमीन अधिग्रहित होगी। सरकार को उम्मीद है कि इससे निवेश, औद्योगिक गतिविधियों और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### 11 डॉक्टर बर्खास्त, पेयजल योजनाओं को हजारों करोड़

पांच साल या उससे अधिक समय से बिना सूचना अनुपस्थित 11 डॉक्टरों की सेवा समाप्त करने को मंजूरी दी गई है। वहीं, सोन नदी के पानी से औरंगाबाद, डेहरी और सासाराम क्षेत्र की प्यास बुझाने के लिए 1347.32 करोड़ तथा अमृत-2.0 के तहत पटना के 75 वार्डों में जलापूर्ति के लिए 1794.32 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। ग्राम कचहरी का सालाना प्रशासनिक अनुदान 4 हजार से बढ़ाकर 24 हजार रुपये किया गया है।

### अपराधियों के खिलाफ अब विज्ञान बनेगा हथियार

इधर, अपराध अनुसंधान में फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) की भूमिका मजबूत करने की तैयारी है। पटना और राजगीर की प्रयोगशालाओं में साइबर फॉरेंसिक की दो इकाइयां स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) की विशेषज्ञ सेवाएं लेने का प्रस्ताव है। मोबाइल, कंप्यूटर, हार्ड डिस्क, डिजिटल रिकॉर्ड और ऑडियो-वीडियो की वैज्ञानिक जांच से साइबर अपराधों के साक्ष्य जुटाने में मदद मिलेगी। पटना के अलावा मुजफ्फरपुर, भागलपुर और राजगीर में क्षेत्रीय एफएसएल कार्यरत हैं। नौ पुलिस प्रक्षेत्रों में नई प्रयोगशालाओं के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। पूर्णिया, मुंगेर, गयाजी और सारण में इन्हें क्रियाशील बनाने की प्रक्रिया भी आगे बढ़ी है। पूर्णिया के लिए उपकरण खरीदे जा चुके हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जांच में तेजी लाई जा रही है और गृह विभाग के प्रधान सचिव नियमित समीक्षा कर रहे हैं।

डीएनए, फिंगरप्रिंट, हथियारों की बैलिस्टिक जांच, जहरीले पदार्थ, मादक पदार्थ, जाली दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्यों का परीक्षण अब अपराध की गुत्थियां सुलझाने में अहम भूमिका निभाएगा। पुनपुन में एनएफएसयू और केंद्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला की स्थापना की पहल भी इसी दिशा का हिस्सा है।

38
GLORIOUS YEARS IN EDUCATION
R.P.S GROUP OF SCHOOLS
AFFILIATED TO C.B.S.E, NEW DELHI, UPTO 10+2 (PCM/PCB/COMMERCE & HUMANITIES
A PLACE FOR TRANSFORMING YOUR WARD'S FUTURE
OUR BRANCHES :
KACHAHARI ROAD | SOHAN KUAN | MAKANPUR | NOORSARAI
MAKE YOUR WARD EXCEL IN ACHIEVING HOLISTIC GOAL
भीड़ से अलग पढ़ाई चाहिए तो RPS आइये...250 सीटें सीमित
ADMISSION OPEN 2026-27
STUDENTS WHY THIS SCHOOL ?
DEVELOPMENT OF MENTAL FACULTIES
LEADERSHIP & PHYSICAL DEVELOPMENT
- OUTSTANDING ACADEMIC
- REMEDIAL CLAASES
- MODERN FACILITIES
- SMART CLASSES
- CO-CURRICULAR ACTIVITIES
- SAFETY & SECURITY INSIDE SCHOOL CAMPUS
- HOW TO CONCENTRATE ?
- GROUP DISCUSSION & DEBATES
- ANALYSIS & REASONING
- EXPOSURE TO PERSONALITIES
- SPORTS COMPLEX
- SECURED TRANSPORT FACILITIES
- DANCE CLASSES & MUSIC CLASSES
- HIGH TECH LABORATORIES
- LIBRARY & REST ROOM
- WELL QUALIFIED AND EXPERIENCED TEACHERS
CONTACT : 06112233707 | 9308711757 | 7897710018 | 9308711757 | 7992425125

## दवाओं के अवैध कारोबार पर स्वास्थ्य विभाग का बड़ा छापा, 164 तरह की औषधियां जब्त

### 17 जिलों में दवा दुकानों की जांच, दो प्रतिष्ठान बिना लाइसेंस चलते मिले

आइडियासिटी संवाददाता



पटना। बिहार में दवाओं के अवैध कारोबार और नियमों की अनदेखी करने वाले प्रतिष्ठानों पर स्वास्थ्य विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। औषधि नियंत्रण विभाग की टीमों ने राज्य के 17 जिलों में सघन जांच और छापेमारी कर 164 प्रकार की दवाएं जब्त की हैं। इनकी अनुमानित कीमत 1 लाख 2 हजार 116 रुपये बताई गई है। जांच में दो प्रतिष्ठान बिना वैध अनुज्ञप्ति के संचालित मिले। पटना के जीएम रोड स्थित बद्री फार्मा, सरस्वती फार्मा और मां भवानी ड्रग हाउस समेत चार प्रतिष्ठानों की जांच में कई गड़बड़ियां सामने आईं। कहीं दवाओं के खरीद-बिक्री बिल गायब मिले, तो कहीं एक्सपायरी और गलत लेबल वाली औषधियां पाई गईं। मां भवानी ड्रग हाउस से 10,717 रुपये की एक्सपायरी दवाएं और 8,925 रुपये मूल्य की गलत लेबल वाली औषधि जब्त की गई। अन्य प्रतिष्ठानों से भी दवाओं के नमूने गुणवत्ता जांच के लिए लिए गए। गयाजी, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया और सिवान में भी कार्रवाई हुई। गौतम मेडिकल हॉल, मधुबन से 107 प्रकार की दवाएं जब्त की गईं। विभाग के अनुसार, छह प्रतिष्ठानों से स्पष्टीकरण मिला है, जबकि 13 से जवाब मांगा जाना बाकी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई होगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना लाइसेंस दवा बिक्री और नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

"Learning the practical value of knowledge"
NALANDA VIDYA MANDIR
(A Unit of Magadh Educational Society)
Affiliated to C.B.S.E., New Delhi
N.H.-20, Patasang, P.O.: Amba, P.S.- Bhaganbigha, Dist.: Nalanda, State: Bihar-803119
Mob.: 9570230951, 9570230966, 9835630966
Email: nalandavidyamandir@yahoo.in | Website: www.nvm.edu.in
Come enroll with us and get plugged into the world...!!!
Class Nur. to 10+2
- We develop whats already inside you.
- Co-Education. Wi-Fi Campus.
- Ultra Modern and anti Earthquake Building.
- Transport facility.
- Experienced team of teachers.
- Cashless Fee Deposit facility.
- Multimedia Classroom and Library.
- Advance Science & Computer Lab.
- Medical Facility.
- Spacious Playground for Games & Sports.
- Preparation of competitive Exam from Class-IX.
ADMISSION OPEN 2026

गुरुकुल विद्यापीठ
10+2
गुरूकुल सेवायतन न्यास द्वारा संचालित
राजेन्द्र प्रसाद
प्रधानाध्यापक
पटेल उ.वि. बिहारशरीफ
सहायक शिक्षक
आदर्श उ.वि. बिहारशरीफ
आवासीय सुविधा से युक्त अत्याधुनिक छात्रावास
बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं के अंतर्गत छात्राओं को विशेष छूट
- पटेल नगर, नईसराय, बिहारशरीफ (नालन्दा)
मोबाइल - 9835473199
- जगदेव नगर, गाजीपुर, बिन्द (नालन्दा)
मोबाइल - 7479559755
www.gurukulvidyapeeth.co | email: gurukulvidyapeethschool@gmail.com